**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2416**

**सोमवार, 4 अगस्त, 2025/13 श्रावण, 1947, (शक)**

**खतरनाक प्रकृति के कार्यों वाले कारखानों का खराब निरीक्षण**

**2416. श्री असादुद्दीन ओवैसीः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि महानिदेशालय कारखाना सलाह सेवा और श्रम संस्थान रिपोर्ट, 2021 के अनुसार महाराष्ट्र, तमिलनाडु और गुजरात जैसे प्रमुख औद्योगिक राज्यों में खतरनाक प्रकृति के कार्यों वाले और सामान्य कारखानों की निरीक्षण दरें काफी कम हैं;

(ख) यदि हाँ, तो विगत दस वर्षों के दौरान खतरनाक प्रकृति के कार्यों वाले और सामान्य कारखानों के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और वर्ष-वार निरीक्षण दरों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने राज्य सरकारों द्वारा निरीक्षण प्रक्रियाओं में कम निरीक्षण दरों और अंतराल के कारणों की पहचान करने के लिए कोई आकलन किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार की राज्य स्तर पर निरीक्षण अवसंरचना को बढ़ाने के लिए दिशानिर्देश जारी करने, वित्तीय सहायता प्रदान करने या क्षमता निर्माण सहायता प्रदान करने की कोई योजना है; और

(ङ) यदि हों, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कार्यान्वयन के लिए प्रस्तावित समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (ङ): सरकार ने कारखाना अधिनियम, 1948 को अधिनियमित किया है जो अधिनियम के तहत पंजीकृत कारखानों में काम करने वाले कामगारों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रावधान करता है। कारखाना अधिनियम, 1948 और इसके तहत बनाए गए नियमों को महाराष्ट्र, तमिलनाडु और गुजरात राज्यों सहित संबंधित राज्य सरकारों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में मुख्य कारखाना निरीक्षकों (सीआईएफ)/औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य निदेशालयों (डीआईएसएच) के माध्यम से लागू किया जाता है। पिछले दस वर्षों (2014-2023) के दौरान कारखाना अधिनियम, 1948 के तहत पंजीकृत खतरनाक कारखानों सहित निरीक्षण किए गए पंजीकृत कारखानों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल संख्या का विवरण **अनुबंध- I** में दिया गया है।

जारी...2/-

कारखाना सलाह सेवा एवं श्रम संस्थान महानिदेशालय (डीजीफासली) की रिपोर्ट में बताया गया है कि निरीक्षणों में कमी संभवतः कोविड महामारी के कारण देश में लागू प्रतिबंध के कारण हुई है।

डीजीफासली कारखाना अधिनियम, 1948 के तहत राज्य सरकारों द्वारा नियुक्त कारखाना निरीक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। कारखाना निरीक्षकों के लिए बुनियादी पाठ्यक्रम को नए भर्ती किए गए लोगों के लिए डिजाइन किया गया है जिसका उद्देश्य सुरक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में तकनीकी ज्ञान और कौशल प्रदान करना है।

* *****

**अनुबंध**

## दिनांक 04.08.2025 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2416 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

**पिछले 10 वर्षों (2014-2023) में निरीक्षण किए गए पंजीकृत कारखानों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण**

| क्रम. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2014 | 2015 | 2016 | 2017 | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 31 | 31 | 15 | 26 | 12 | 12 | # | 19 | 20 | 1 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 4607 | 4708 | 4348 | 1857 | 1878 | 1462 | 1758 | 2696 | 1611 | 2982 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | * | * | * | * | # | # | # | # | # | # |
| 4 | असम | 1610 | 2103 | 1059 | 1197 | 672 | 515 | 3529 | 1777 | 1207 | 1240 |
| 5 | बिहार | 1059 | 1289 | # | 5 | 77 | 96 | 37 | 10 | 147 | 103 |
| 6 | चंडीगढ़ | 19 | 1 | 7 | 13 | # | # | # | # | # | # |
| 7 | छत्तीसगढ | 1311 | 1385 | 1661 | 1004 | 590 | 733 | 513 | 692 | 724 | 1288 |
| 8 | डीडी और डीएनएच | 160 | 140 | 141 | 136 | 180 | 195 | 195 | # | # | # |
| 9 | दिल्ली | 1105 | 1036 | 1001 | 208 | 553 | 684 | 405 | 526 | 738 | 699 |
| 10 | गोवा | 161 | 66 | 105 | 70 | 63 | 74 | 67 | 160 | 84 | 147 |
| 11 | गुजरात | 13499 | 14056 | 7483 | 4868 | 8907 | 16930 | 14390 | 8877 | 17722 | 19319 |
| 12 | हरियाणा | 2742 | 347 | 1630 | 460 | 990 | 1362 | 393 | 978 | 1617 | 2044 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 1201 | 1165 | 1211 | 1101 | 1373 | 1293 | 1030 | 999 | # | # |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 1295 | 1166 | 1382 | 1140 | 643 | 536 | 481 | 645 | 739 | 802 |
| 15 | झारखंड | 2630 | 2544 | 1920 | 1190 | 1047 | 808 | 512 | 379 | 397 | 584 |
| 16 | कर्नाटक | 9160 | 8395 | 8140 | 7538 | 11305 | 8421 | 6417 | 5630 | 7299 | 7065 |
| 17 | केरल | 13656 | 12615 | 12936 | 12663 | 13213 | 14905 | 6110 | 5122 | 3995 | 5346 |
| 18 | लक्षद्वीप | * | * | * | * | * | * | * | * | * | * |
| 19 | मध्य प्रदेश | 3024 | 2249 | 1812 | 954 | 713 | 1662 | 323 | 796 | 1437 | 1038 |
| 20 | महाराष्ट्र | 14352 | 11333 | 6311 | 3175 | 4911 | 3190 | 4598 | 3158 | 5086 | 4745 |
| 21 | मणिपुर | 162 | 185 | 279 | 270 | 209 | 217 | 235 | 191 | 92 | 53 |
| 22 | मेघालय | 17 | 19 | 42 | 74 | 64 | 140 | 50 | 51 | 30 | 90 |
| 23 | मिजोरम | * | # | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | # | 3 |
| 24 | नागालैंड | 210 | 263 | 883 | 759 | 84 | 62 | 4 | 16 | 24 | 56 |
| 25 | ओडिशा | 2824 | 3189 | 1113 | 1113 | 1138 | 921 | 992 | 959 | 1085 | 1023 |
| 26 | पुदुचेरी | 1167 | 1082 | 942 | 1056 | 1012 | 994 | 893 | 479 | 426 | 357 |
| 27 | पंजाब | 2599 | 2141 | 2051 | 3298 | 2637 | 1999 | 1364 | # | 2759 | 1998 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | राजस्थान | 3194 | 2819 | 5730 | 3943 | 8794 | 1268 | 3841 | 2443 | 4020 | 1829 |
| 29 | सिक्किम | * | * | * | * | * | * | * | * | * | * |
| 30 | तमिलनाडु | 27634 | 29781 | 30668 | 26749 | 10762 | 21487 | 12448 | 8163 | 9552 | 9784 |
| 31 | तेलंगाना | 3849 | 2529 | 3229 | 3229 | 2950 | 5917 | 4139 | 1735 | 5529 | 4623 |
| 32 | त्रिपुरा | 1124 | 907 | 1109 | 1191 | 1206 | 1449 | 807 | 489 | 501 | 389 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 1087 | 1421 | 1416 | 2140 | 1857 | 220 | 433 | # | # | # |
| 34 | उत्तराखंड | 107 | 141 | 80 | 363 | 424 | 218 | 98 | 134 | 94 | 66 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 3356 | 2044 | 2844 | # | 2385 | # | # | # | # | # |
| कुल | | 118952 | 111150 | 101549 | 81791 | 80650 | 87771 | 66063 | 47125 | 66935 | 67674 |

*****